# केंद्रीय विद्यालय क्रमांक ०२, चकेरी कानपुर

E-mail : kv2chakerir@gmail.com Website : www.no2chakeri.kvs.ac.in Contact No. : 512-2458792, 2458832

**आवश्यकता है - शिक्षकों / प्रशिक्षकों की (पूर्णतः अस्थायी / संविदा आधारित)**

सत्र 2021-22 हेतु पूर्णतः अस्थायी निम्न पदों हेतु पैनल तैयार करने के लिए इच्छुक पात्र अभ्यर्थियों से आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं:- पी. जी. टी. (राजनीतिशास्त्र, हिंदी, गणित, रसायन विज्ञान, कम्प्यूटर साइंस), टी.जी.टी. (अंग्रेजी, हिंदी, गणित, संस्कृत, विज्ञान तथा सामाजिक विज्ञान), प्राथमिक शिक्षक, कम्प्यूटर अनुदेशक, योग अनुदेशक, खेल प्रशिक्षक (फ़ुटबाल, जूडो/ताइक्वांडो), नृत्य-संगीत प्रशिक्षक, स्टाफ नर्स/ परिचारिका , परामर्शक (काउंसलर)|

इच्छुक अभ्यर्थी आवेदन पत्र विद्यालय की वेबसाइट www.no2chakeri.kvs.ac.in में दिए गए लिंक https://forms.gle/v6hQFQ6hM43up5bt8 से 15-02-2021 से 19-02-2021 तक भर कर प्रस्तुत कर सकते हैं | या विद्यालय से दिनांक 15-02-2021 से 19-02-2021 तक (प्रातः 09:00 से 11:00 बजे के बीच ) प्राप्त करके पूरी तरह भरकर मूल आवेदन पत्र प्रमाण पत्रों की स्व प्रमाणित छाया प्रतियों / संलग्नकों सहित दिनांक 19-02-2021 तक जमा कर सकते हैं|

किसी पद हेतु पात्र अभ्यर्थियों की संख्या अधिक होने की स्थिति में साक्षात्कार हेतु उनकी छँटनी के लिए दिनांक 22-02-21 को 90 मिनट की आफलाइन (विद्यालय में) लिखित परीक्षा परीक्षा आयोजित की जाएगी; जिसके लिए निर्धारित पद एवं उनके लिए परीक्षा का समय आदि दिनांक 20-02-21 को सायंकाल 07:00 बजे विद्यालय बेबसाईट तथा विद्यालय सूचना पट पर प्रदर्शित किया जाएगा | दिनांक 24 फरवरी से 26 फरवरी 21 को होने वाले साक्षात्कार हेतु सीमित पात्र अभ्यर्थियों को ही बुलाया जाएगा; जिनकी सूची, साक्षात्कार की तिथि एवं उसके समय सहित विद्यालय के सूचना पट्ट तथा विद्यालय की वेबसाइट पर दिनांक 22-02-2020 को (सायंकाल 07:00 बजे) प्रदर्शित कर दी जाएगी।

**इस संबंध में विस्तृत विवरण, पात्रता आदि हेतु विद्यालय की वेबसाइट (www.no2chakeri.kvs.ac.in) देखें|**

**इस संबंध में पद एवं उनके लिए पात्रता आदि निम्नवत है :**

| क्र.सं. | पद नाम | न्यूनतम योग्यता (दी हुई या समकक्ष) |
|---|---|---|
| 1- | पी. जी. टी. (सभी उपर्युक्त पदों हेतु) | किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से **(अ)** सम्बंधित विषय में कम से कम 50% अंकों के साथ स्नातकोत्तर या समकक्ष डिग्री तथा **(ब)** बी. एड. या समकक्ष डिग्री। |
| 2- | टी.जी.टी. (अंग्रेजी, हिंदी, गणित, संस्कृत, विज्ञान तथा सामाजिक विज्ञान) | किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से **(अ)** सम्बंधित विषय/ विषय समूह तथा कुल अंकों में कम से कम 50% अंकों के साथ स्नातक या समकक्ष डिग्री, **(ब)** बी. एड. या समकक्ष डिग्री तथा **(स)** सी.बी.एस.ई. द्वारा आयोजित केंद्रीय शिक्षक पात्रता परीक्षा(CTET) उत्तीर्ण । |
| 3- | प्राथमिक शिक्षक | किसी मान्यता प्राप्त संस्थान से **(अ)** कम से कम 50% अंकों के साथ उच्चतर माध्यमिक विद्यालय प्रमाण पत्र या इंटरमीडिएट या समकक्ष **(ब)** जे.बी.टी. / बी.टी.सी. / बी.ई.ई. या समकक्ष तथा **(स)** सी.बी.एस.ई. द्वारा आयोजित केंद्रीय शिक्षक पात्रता परीक्षा(CTET) उत्तीर्ण । |
| 5- | कम्प्यूटर अनुदेशक | किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय द्वारा कम से कम 50% अंकों के साथ एक वर्ष की अवधि का कम्प्यूटर अनुप्रयोग सम्बन्धी डिप्लोमा **या** बी.सी.ए./ पी.जी.डी.सी.ए./ बी.ई./ बी.टेक.(क.वि./आई.टी.)/ डी.ओ.ई.ए.सी.सी. से 'ए' लेवल या समकक्ष। |
| 6. | योग अनुदेशक | किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान द्वारा स्नातक डिग्री तथा एक वर्ष की अवधि का योग प्रशिक्षण प्रमाण पत्र। |
| 7. | खेल प्रशिक्षक (फ़ुटबाल, जूडो/ताइक्वांडो) | सम्बंधित क्षेत्र में एन.एस./एन.आई.एस. से डिग्री/ डिप्लोमा या राष्ट्रीय /राज्य/ अंतर विश्वविद्यालयी खेलों में प्रतिभागिता। उपर्युक्त योग्यताओं सहित बी. पी. एड. / एम. पी. एड. उत्तीर्ण अभ्यर्थियों को प्राथमिकता। |
| 8. | प्रशिक्षक (नृत्य-संगीत) | किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से सम्बंधित क्षेत्र में डिग्री या डिप्लोमा सहित सम्बंधित क्षेत्र में उच्च स्तरीय दक्षता/ विशेषज्ञता / अनुभव । |
| 9. | स्टाफ नर्स/ परिचारिका | किसी मान्यता प्राप्त संस्थान द्वारा नर्सिंग में डिप्लोमा सहित वैध पंजीकरण । संबंधित क्षेत्र में अनुभवी को प्राथमिकता। |
| 10. | परामर्शक | किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से बी.ए. / बी.एस.सी. (मनोविज्ञान) सहित परामर्शन के क्षेत्र में प्रमाण पत्र या डिप्लोमा धारक शैक्षिक परामर्शन के क्षेत्र में अनुभव रखने वाले उम्मीदवार को प्राथमिकता । |

**महत्वपूर्ण बिंदु:-**

1. **किसी भी रूप में अपूर्ण अथवा अस्पष्ट जानकारी रखने वाले आवेदन पत्र स्वीकार नहीं किए जाएँगे|**
2. हिंदी एवं अंग्रेजी माध्यम से पढ़ाने का द्विभाषी कौशल एवं कम्प्यूटर अनुप्रयोग का कार्य साधक ज्ञान सभी पदों हेतु अनिवार्य है|
3. सेवा हेतु बुलाए जाने की स्थिति में **'शिक्षकों की गरिमा के अनुरूप आदर्श वेशभूषा'** में ही सेवार्थ आने की अपेक्षा की जाती है |
4. आवेदन पत्र के साथ **संलग्न समस्त प्रमाण पत्र तथा अंक सूचियों के मूल (ORIGINAL) साक्षात्कार के समय** जाँच हेतु प्रस्तुत करने अनिवार्य हैं |
5. समस्त पदों हेतु न्यूनतम तथा अधिकतम **आयु सीमा 31-03-2021 को 18 वर्ष से 65 वर्ष के बीच** होनी चाहिए।
6. सी.टी.ई.टी. उत्तीर्ण अभ्यर्थियों के अभाव में सी.टी.ई.टी. रहित अभ्यर्थी भी टी.जी.टी. तथा प्राथमिक शिक्षक के पदों हेतु बुलाए जा सकते हैं।
7. **क्रमांक 01 से 03 तक के पदों हेतु केवल पैनल तैयार किए जाएँगे**; जिन पर सेवाओं के लिए सत्र में स्थान रिक्त होने की स्थिति में ही अवसर मिलेगा |
8. सभी पदों के लिए मासिक **मानदेय हेतु नीचे दिए गए 'ANNEXURE- I'** को देखें| विद्यालय के 'VACATION' एवं 'BREAKS' की अवधि का मानदेय देय नहीं होगा|
9. सेवाओं के कार्यकाल केन्द्रीय विद्यालय संगठन के नियमानुसार होंगे| संतोषजनक नहीं पाए जाने की स्थिति में सेवाएँ कभी भी समाप्त की जा सकती हैं।
10. सभी पद पूर्णतः अस्थायी हैं, जिनके साक्षात्कार हेतु कोई भी टी.ए. / डी.ए. एवं अन्य लाभ देय नहीं होगा|

**(बि. दयाल)**

**प्राचार्य**